facebook.com/thebharatshri
twitter.com/thebharatshri
website thebharatshri

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम

भारत श्री

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

सोमवार, 22 दिसंबर 2025 ● वर्ष 7 ● अंक 23 ● मूल्यः 5 रुपए

त्वचा रोग का आयुर्वेदिक इलाज



रक्षा के लिए मां से करें प्रार्थना

पेज-10-11

सद्गुरु वाणी



दिव्य पाठ प्रभु कृपा का वह आलोक है जिसे करने के लिए किसी भी प्रकार की कठिन तपस्या या साधना की कोई जरूरत नहीं है। यह बड़ा सहज और सरल है।

●

परमात्मा की नजर में सभी भाई-बहन बराबर हैं। परमात्मा जाति, धर्म, देश, सम्प्रदाय से पार है। हमें सभी भाई-बहनों को समान दृष्टि से देखना चाहिए।

●

विश्व भर में होने वाले प्रभु कृपा दुख निवारण समागम केवल प्रभु की कृपा से संभव होते हैं। इसका आयोजन कोई व्यक्ति नहीं करता।

दिल्ली की सड़कों पर उठा आक्रोश

ढाका तक पहुंची गूंज

बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

@ भारतश्री ब्यूरो

नई दिल्ली की सुबह सामान्य नहीं थी। बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने जमा होती भीड़, हाथों में बैनर-पोस्टर, आंखों में गुस्सा और आवाज़ में दर्द साफ बता रहा था कि मामला सिर्फ एक प्रदर्शन भर नहीं है। यह उस पीड़ा का विस्फोट था, जो पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया, घरों और मंदिरों में सुलग रही थी।विश्व हिंदू परिषद और कई अन्य हिंदू संगठनों ने बुधवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ दिल्ली में जोरदार प्रदर्शन किया। विरोध का केंद्र बना बांग्लादेश हाई कमिशन, जहां सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात था। बावजूद इसके, प्रदर्शनकारियों का आक्रोश इतना तीखा था कि कई बार हालात तनावपूर्ण हो गए।

एक हत्या, जिसने सीमाएं लांघ दीं

प्रदर्शन की जड़ में बांग्लादेश की एक भयावह घटना है। जानकारी के मुताबिक, बांग्लादेश में उस्मान हादी की हत्या के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान दीपू चंद्र दास नाम के एक हिंदू युवक को उग्र भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। यहीं नहीं रुकी हिंसा। आरोप है कि उसके शव को चौराहे पर लटकाया गया, लाठियों से पीटा गया और बाद में आग के हवाले कर दिया गया।इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसने भारत ही नहीं, पड़ोसी नेपाल तक में आक्रोश फैला दिया। वीडियो में दिख रही बर्बरता ने लोगों को भीतर तक झकझोर दिया। यही वजह रही कि विरोध अब डिजिटल दुनिया से निकलकर सड़कों पर आ गया।

दिल्ली में उमड़ा जनाक्रोश

नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने जुटे प्रदर्शनकारियों में साधारण नागरिक, संत-महात्मा, महिलाएं और युवा शामिल थे। सभी के हाथों में एक ही संदेश था ,बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार बंद हों।प्रदर्शनकारी बैनरों पर लिखे नारों के जरिए अपनी बात रख रहे थे। कहीं दीपू चंद्र दास की तस्वीर थी, कहीं लिखा था "हिंदुओं की हत्या बंद करो", तो कहीं "मानवाधिकार कहां हैं" जैसे सवाल।एक बुजुर्ग प्रदर्शनकारी की आंखों से आंसू बह रहे थे। कांपती आवाज में उन्होंने कहा कि हम किसी को मारने वाले लोग नहीं हैं। ये देश राम और कृष्ण का है। लेकिन वहां हमारी बहन-बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है, हमारे बच्चों को जिंदा जला दिया जा रहा है।

सुरक्षा घेरा और टूटता सब्र

दिल्ली पुलिस ने हालात की गंभीरता को देखते हुए हाई कमिशन के सामने दो-स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया था। बैरिकेड्स लगाए गए थे, अतिरिक्त बल तैनात था। लेकिन जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई, गुस्सा भी बढ़ता गया।कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। पुलिस को उन्हें रोकने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई बार धक्का-मुक्की हुई, माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि, स्थिति को काबू में रखा गया और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, भीड़ भावनात्मक रूप से बहुत आहत थी। ऐसे में संयम बनाए रखना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हालात नियंत्रण में हैं।

"मैं भी दीपू हूं"

प्रदर्शन के दौरान एक नारा बार-बार सुनाई दिया कि मैं भी दीपू हूं, आप भी दीपू हैं।यह नारा सिर्फ एक नाम नहीं था, बल्कि डर और एकजुटता की भावना का प्रतीक बन गया।एक युवा प्रदर्शनकारी ने कहा कि आज दीपू को मारा गया है, कल कोई और होगा। अगर हम आज नहीं बोले, तो कल बहुत देर हो जाएगी।प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस का पुतला भी जलाया और उनके खिलाफ नारे लगाए। उनका आरोप था कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा करने में सरकार नाकाम साबित हो रही है।

नेपाल तक फैला विरोध

इस घटना का असर सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रहा। नेपाल में भी हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किए। काठमांडू समेत कई शहरों में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई गई। इससे साफ हो गया कि मामला अब क्षेत्रीय चिंता का विषय बन चुका है।दिल्ली में प्रदर्शन और हाई कमिशन के बाहर बढ़ते तनाव पर बांग्लादेश ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। ढाका ने नई दिल्ली में भारतीय हाई कमिश्नर को तलब किया और अपने मिशन की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।बांग्लादेश सरकार का कहना है कि किसी भी देश के राजनयिक मिशन की सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय दायित्व है। ढाका ने यह भी कहा कि नई दिल्ली और सिलीगुड़ी में उसके मिशन के बाहर हो रहे प्रदर्शनों से वह चिंतित है।

सवाल जो हवा में तैर रहे हैं

इस पूरे घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति वाकई सुरक्षित है। क्या वहां की सरकार ऐसी घटनाओं पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है। और सबसे अहम, क्या अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस पर आंख मूंदे रहेगा।प्रदर्शन कर रहे संगठनों का कहना है कि वे किसी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि मानवता के पक्ष में खड़े हैं। उनका दावा है कि अगर आज आवाज नहीं उठाई गई, तो हालात और बिगड़ेंगे।शाम होते-होते प्रदर्शन खत्म हो गया, लेकिन सवाल और आक्रोश वहीं रह गए। बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने खाली सड़कें गवाही दे रही थीं कि यह सिर्फ एक दिन का गुस्सा नहीं है, बल्कि लंबे समय से जमा पीड़ा का परिणाम है।

MN DIVINE

ORDER ALL TYPES OF :



- POOJA SAMAGRI,
- AYURVEDIC MEDICINE
- AND PRATIMA.

NOW GET AT YOUR HOME ON

MNDIVINE.COM

ORDER NOW

https://mndivine.com/

HELPLINE : 9667793986
(10AM TO 6PM, MON-SAT)

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

ड्रग नेटवर्क पर योगी का अल्टीमेटम

विधानसभा में योगी का तीखा तेवर, माफिया से लेकर सियासत तक खुली जंग

@ अभिषेक चौबे

उत्तर प्रदेश विधानसभा का माहौल सोमवार को उस वक्त अचानक गर्म हो गया, जब कोडीन कफ सिरप मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर सीधा और तीखा हमला बोला। बात सिर्फ एक ड्रग रैकेट की नहीं रही, बल्कि सियासत, माफिया और पुराने सत्ता संबंधों तक जा पहुंची। मुख्यमंत्री के शब्दों में गुस्सा भी था, चेतावनी भी और यह संदेश भी कि कार्रवाई अभी खत्म नहीं हुई है।योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा कि कोडीन कफ सिरप के इस पूरे मामले की जड़ें पिछली सरकार के दौर में दी गईं लाइसेंस व्यवस्था से जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री के मुताबिक, विभोर राणा को जो लाइसेंस मिला था, वह समाजवादी पार्टी की सरकार के समय दिया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे नेटवर्क के तार सीधे सपा से जुड़े लोगों तक पहुंचते हैं।

"किसी को बख्शा नहीं जाएगा"

विधानसभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में अब तक 77 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और कार्रवाई लगातार जारी है। NDPS एक्ट के तहत सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। योगी ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी को बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने आगे कहा कि इस मामले की जांच के लिए राज्य के IG लॉ एंड ऑर्डर की अध्यक्षता में एक विशेष जांच टीम (SIT) बनाई गई है, जो पूरे प्रदेश में नेटवर्क की कड़ियों को जोड़कर कार्रवाई कर रही है।

फातिहा पढ़ने का मौका भी नहीं देंगे

मुख्यमंत्री के भाषण का सबसे ज्यादा चर्चा में आने वाला हिस्सा उनका वह बयान रहा, जिसमें उन्होंने विपक्ष पर सीधा हमला किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा, "मैं आपका दर्द समझता हूं। क्योंकि जब सरकार की कार्रवाई अपने आखिरी स्टेज पर पहुंचेगी, तो आप में से कई लोग फातिहा पढ़ने जाएंगे। लेकिन हम आपको ऐसी हालत में भी नहीं छोड़ेंगे कि आप फातिहा पढ़ सकें।यह बयान सत्ता और विपक्ष के बीच चल रही तल्खी को और गहरा करता दिखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी को अच्छी तरह पता है कि माफिया के खिलाफ कार्रवाई कैसे होती है, क्योंकि वह लंबे समय तक इसी तंत्र के साथ रही है। उनके मुताबिक, विपक्ष की घबराहट इसी बात का संकेत है कि कार्रवाई सही दिशा में जा रही है।

माफिया और सियासत का रिश्ता

योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में माफिया और सियासत के रिश्ते किसी से छिपे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शैली ट्रेडर्स का शुभम जायसवाल, जो इस केस में एक बड़ा नाम है, समाजवादी पार्टी युवजन सभा का प्रदेश सचिव है। इतना ही नहीं, वह कैंट वाराणसी से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रहे अमित यादव का बिजनेस पार्टनर भी है।मुख्यमंत्री ने सदन में यह भी कहा कि अमित यादव की तस्वीरें अखिलेश यादव के साथ मौजूद हैं और वह पार्टी का पदाधिकारी है। योगी ने कहा कि आप इससे इनकार नहीं कर सकते। यूपी में सबसे बड़ा स्टॉक रखने वाला यही व्यक्ति है, और उसके राजनीतिक कनेक्शन साफ दिखाई देते हैं।"

वायरल तस्वीरों का जिक्र

इस दौरान मुख्यमंत्री ने आलोक सिपाही का भी जिक्र किया, जो इस मामले में एक आरोपी है। योगी के मुताबिक, आलोक सिपाही की अखिलेश यादव के साथ गिफ्ट देते हुए तस्वीरें वायरल हुई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये तस्वीरें सिर्फ इत्तेफाक नहीं हैं, बल्कि यह दिखाती हैं कि किस तरह से राजनीतिक संरक्षण में ऐसे नेटवर्क फलते-फूलते रहे।

"कोडीन से यूपी में एक भी मौत नहीं"

जहां एक ओर विपक्ष सरकार पर हमलावर था, वहीं मुख्यमंत्री ने आंकड़ों के साथ जवाब देने की कोशिश की। योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में साफ कहा कि उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप या नकली दवाओं से एक भी मौत नहीं हुई है।प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र सरकार के संज्ञान में कोडीन से मौत का एक भी मामला नहीं आया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप का उत्पादन नहीं होता।

उत्पादन दूसरे राज्यों में

मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में केवल कोडीन कफ सिरप के स्टॉकिस्ट और होलसेलर हैं। इसका उत्पादन मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों में होता है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में मौत के मामले सामने आए हैं, वे सभी उत्तर प्रदेश से बाहर के हैं।योगी ने कहा कि सरकार तथ्यों के आधार पर बात कर रही है और किसी भी तरह की अफवाह या भ्रम फैलाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विपक्ष के सवाल और सरकार का जवाब

विधानसभा में विपक्ष ने सवाल उठाया कि अगर कोडीन कफ सिरप का इतना बड़ा नेटवर्क पकड़ा गया है, तो इसके सामाजिक असर क्या हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सिर्फ कार्रवाई करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोकना भी है।उन्होंने कहा कि दवाओं की सप्लाई चेन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और लाइसेंस प्रणाली को पहले से ज्यादा पारदर्शी बनाया गया है।योगी आदित्यनाथ ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि यह कार्रवाई अभी खत्म नहीं हुई है। SIT पूरे प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर जांच कर रही है और जैसे-जैसे सबूत सामने आएंगे, वैसे-वैसे गिरफ्तारी होती रहेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी दबाव में नहीं है और न ही किसी राजनीतिक पहचान के आधार पर किसी को राहत दी जाएगी।

ड्रग नेटवर्क और राजनीतिक संरक्षण

कोडीन कफ सिरप मामला अब सिर्फ एक अपराध का मामला नहीं रहा, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की राजनीति में सख्ती और जवाबदेही का प्रतीक बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण के जरिए साफ संदेश दिया कि माफिया, ड्रग नेटवर्क और राजनीतिक संरक्षण की त्रयी को तोड़ने के लिए सरकार पूरी ताकत से आगे बढ़ेगी। विधानसभा में दिया गया यह बयान आने वाले दिनों में राजनीतिक बहस का केंद्र बना रहेगा। एक ओर विपक्ष इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बता रहा है, तो दूसरी ओर सरकार इसे कानून व्यवस्था और जनहित से जोड़कर पेश कर रही है।फिलहाल इतना तय है कि कोडीन कफ सिरप मामला अभी थमा नहीं है। जांच जारी है, कार्रवाई चल रही है और इसके सियासी असर आने वाले समय में और गहरे दिखाई दे सकते हैं।

Viksit Bharat–G RAM G बिल 2025

ग्रामीण रोजगार को नई उड़ान

बिल का सफर: पुराने कानून को अलविदा, नई शुरुआत की ओर

भारत सरकार ने हाल ही में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल 2025 को संसद से पास कराया है, जो ग्रामीण इलाकों में रोजगार की गारंटी देने वाले पुराने कानून महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट (एमजीएनआरईजीए) की जगह लेगा। यह बिल विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने के लिए बनाया गया है, जहां ग्रामीण विकास को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है। पुराने कानून ने 2005 से लाखों ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों का काम दिया था, लेकिन अब नया बिल इसे 125 दिनों तक बढ़ा रहा है। साथ ही, यह योजना को सिर्फ वेलफेयर से आगे ले जाकर इंफ्रास्ट्रक्चर, जल सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन से लड़ने के कामों से जोड़ रहा है। सरकार का कहना है कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और किसानों को फायदा मिलेगा, क्योंकि बिल में 60 दिनों का ऐसा समय रखा गया है जब काम नहीं दिया जाएगा, ताकि बुआई और कटाई के मौसम में मजदूर खेतों में उपलब्ध रहें। फंडिंग का तरीका भी बदल गया है- पहले डिमांड पर आधारित था, अब नॉर्मेटिव फंडिंग से सालाना 1.51 लाख करोड़ रुपये का बजट तय होगा, जिसमें केंद्र का हिस्सा 95,700 करोड़ के करीब है। राज्य सरकारों को 60:40 के अनुपात में योगदान देना होगा, जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों को ज्यादा मदद मिलेगी। यह बदलाव ग्रामीण पंचायतों को प्लानिंग का अधिकार देगा, जहां विकसित ग्राम पंचायत प्लान्स बनेंगे और पीएम गति शक्ति जैसी योजनाओं से जुड़ेंगे। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह नया कदम ग्रामीणों की जिंदगी में वाकई बदलाव लाएगा, या सिर्फ कागजों पर रह जाएगा? कुल मिलाकर, यह बिल ग्रामीण रोजगार को विकास की मुख्यधारा में लाने की कोशिश है, जो आने वाले वर्षों में देश की ग्रामीण तस्वीर बदल सकता है।

रोजगार की नई गारंटी: 125 दिन काम, लेकिन शर्तों के साथ

नए बिल में सबसे बड़ा बदलाव रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 करने का है, जो ग्रामीण परिवारों के लिए ज्यादा कमाई का मौका देगा। हर वयस्क सदस्य को अनस्किल्ड मैनुअल वर्क के लिए यह गारंटी मिलेगी, लेकिन अगर 15 दिनों में काम न मिले तो बेरोजगारी भत्ता भी मिलेगा। वेतन का भुगतान हफ्ते में या 15 दिनों के अंदर डिजिटल तरीके से होगा, जो पुराने सिस्टम की देरी को कम करेगा। बिल चार मुख्य क्षेत्रों पर फोकस करता है- जल सुरक्षा के काम जैसे तालाब बनाना, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे सड़कें और भंडारण, आजीविका से जुड़े प्रोजेक्ट्स और मौसम की मार से बचाव के विशेष काम। इससे बने एसेट्स को विकसित भारत नेशनल रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक में जोड़ा जाएगा, जो पूरे देश की एकसमान रणनीति बनेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव खर्च को 6% से बढ़ाकर 9% करने से स्टाफिंग, ट्रेनिंग और टेक्निकल सपोर्ट बेहतर होगा। ग्रामीण रोजगार गारंटी काउंसिल और स्टीयरिंग कमिटी बनेंगी, जो पंचायती राज को मजबूत करेंगी। सोशल ऑडिट साल में कम से कम दो बार होंगे, जीपीएस मॉनिटरिंग और रीयल-टाइम डैशबोर्ड से पारदर्शिता आएगी। डिजिटल अटेंडेंस और आधार-बेस्ड सिस्टम को और मजबूत किया जाएगा, ताकि मिसअप्रोप्रिएशन और मशीनों का गलत इस्तेमाल रुके। सरकार का दावा है कि इससे ग्रामीण आय बढ़ेगी, गरीबी कम होगी और लाइवलीहुड डाइवर्सिफाई होगा। लेकिन क्या ये बदलाव जमीनी स्तर पर लागू होंगे? कुल मिलाकर, यह बिल रोजगार को सिर्फ तात्कालिक मदद से ऊपर उठाकर लंबे समय के विकास से जोड़ रहा है, जो ग्रामीणों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है अगर सही से चले।

ग्रामीण मजदूरों की जिंदगी में बदलाव: फायदे और फंसाव

ग्रामीण मजदूरों के लिए यह बिल नई उम्मीदें जगाता है, क्योंकि 125 दिनों का काम उन्हें साल भर स्थिर आय देगा, खासकर उन परिवारों को जो खेती पर निर्भर हैं। इससे बनी इरिगेशन, वॉटर कंजर्वेशन और कनेक्टिविटी वाली चीजें किसानों की मदद करेंगी, ताकि मजदूरों को खेतों में ज्यादा जरूरत पड़े। जलवायु परिवर्तन से लड़ने के काम ग्रामीण इलाकों को मजबूत बनाएंगे, जैसे बाढ़ या सूखे से बचाव। महिलाओं और कमजोर वर्गों को प्राथमिकता मिलेगी, जो आय असुरक्षा को कम करेगी। लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं- नॉर्मेटिव फंडिंग से अगर संसाधन कम पड़े तो काम की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। एडमिनिस्ट्रेटिव बढ़ोतरी से अगर स्टाफ न बढ़े तो प्लानिंग में देरी हो सकती है। 60 दिनों का नो-वर्क पीरियड अच्छा है, लेकिन इसका सही प्रबंधन न हो तो मजदूरों को परेशानी हो सकती है। पॉस्ट-पैंडेमिक समय में पूरे दिन काम पूरा न होने की समस्या बनी हुई है, जिसे डिजिटल टूल्स से हल करने की कोशिश है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था स्थिर होगी, लेकिन क्या यह सब ग्रामीणों तक पहुंचेगा? बिल ग्रामीण रोजगार को सेफ्टी नेट से डेवलपमेंट टूल में बदल रहा है, जो गरीबी घटाने और आय बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है। कुल मिलाकर, मजदूरों के लिए यह अवसरों का द्वार खोलता है, लेकिन सफलता जमीनी अमल पर निर्भर करेगी।

विपक्ष की आवाज: पुराने अधिकारों पर सवाल, केंद्र की पकड़ बढ़ी?

विपक्षी दलों ने इस बिल को जमकर आलोचना की है, खासकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे 'एंटी-विलेज' बताया और कहा कि यह 20 साल के एमजीएनआरईजीए को एक दिन में तोड़ रहा है। उनका कहना है कि बिल मजदूरों के काम का कानूनी अधिकार कमजोर कर रहा है, ग्राम पंचायतों की स्वायत्तता घटा रहा है और केंद्र को ज्यादा कंट्रोल दे रहा है। महात्मा गांधी का नाम हटाने को राष्ट्रपिता का अपमान बताया गया, साथ ही हिंदी थोपने का आरोप भी लगाया। टीडीपी और अन्य पार्टियों ने राज्य सरकारों पर वित्तीय बोझ बढ़ने की बात कही, क्योंकि 60:40 फंडिंग से राज्यों को ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। संसद में हंगामा हुआ, विपक्ष ने बिल की कॉपी फाड़ी, वॉकआउट किया और धरना दिया। एक्टिविस्ट्स का मानना है कि यह बिल एमजीएनआरईजीए के मूल सिद्धांतों को कमजोर कर रहा है, जैसे डिमांड-ड्रिवन स्कीम को नॉर्मेटिव में बदलना, जो संसाधनों की अनिश्चितता लाएगा। वे कहते हैं कि जल्दबाजी में बिल पास किया गया, बिना पर्याप्त चर्चा के। लेकिन सरकार का पक्ष है कि यह सुधार विकसित भारत के लिए जरूरी है, पारदर्शिता बढ़ाएगा और इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करेगा। क्या विपक्ष की चिंताएं जायज हैं या यह प्रगति का रास्ता है? यह बहस ग्रामीण नीतियों के भविष्य को आकार देगी। कुल मिलाकर, बिल के दोनों पहलुओं को देखते हुए संतुलित नजरिया अपनाना होगा।

भविष्य की तस्वीर: ग्रामीण भारत की विकसित यात्रा शुरू?

यह बिल ग्रामीण रोजगार को नई दिशा दे सकता है, अगर चुनौतियों को समय पर हल किया जाए। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, जो आर्थिक विकास को गति देगा। डिजिटल मॉनिटरिंग और ऑडिट से भ्रष्टाचार कम होगा, जबकि पंचायतों को प्लानिंग का अधिकार लोकतंत्र को मजबूत करेगा। लेकिन सफलता के लिए राज्यों और केंद्र के बीच तालमेल जरूरी है, साथ ही ट्रेनिंग और संसाधनों का सही वितरण। क्या यह बिल ग्रामीणों को सशक्त बनाएगा या नई समस्याएं खड़ी करेगा? आने वाले सालों में इसका असर दिखेगा, जब एसेट्स बनेंगे और आय बढ़ेगी। सरकार को विपक्ष की बातों पर गौर करना चाहिए, ताकि सभी पक्षों का भला हो। कुल मिलाकर, यह कदम ग्रामीण भारत को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण है, जो सोचने पर मजबूर करता है कि विकास सबके लिए समान कैसे हो।

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

मोबाइल रिचार्ज फिर महंगा: कब बढ़ेंगे दाम, कितना बोझ पड़ेगा जेब पर, कंपनियां क्यों कर रही बार-बार यह खेल

भारत के मोबाइल यूजर्स के लिए एक नई मुसीबत दस्तक दे रही है। मोरगन स्टैनली की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया जैसी बड़ी टेलीकॉम कंपनियां अगले साल अप्रैल से जून तक अपने 4जी और 5जी प्लान्स के दाम 16 से 20 फीसदी तक बढ़ा सकती हैं। यह बढ़ोतरी प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों तरह के प्लान्स पर लागू होगी, जिससे करोड़ों यूजर्स की जेब पर असर पड़ेगा। याद रहे, जुलाई 2024 में इन्हीं कंपनियों ने 10 से 20 फीसदी की बढ़ोतरी की थी, लेकिन 2025 में उन्होंने चुपके से प्लान्स के फायदे घटाकर लागत ऊंची की। अब 2026 में यह चौथी बड़ी छलांग होगी, जो आठ सालों में सबसे ज्यादा बार हो रही है। पहले 2019 में 15 से 50 फीसदी, फिर 2021 में 20 से 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी। रिपोर्ट कहती है कि यह कदम कंपनियों को औसत कमाई प्रति यूजर (एआरपीयू) बढ़ाने में मदद करेगा, जो फिलहाल दक्षिण-पूर्व एशिया के मुकाबले काफी कम है। जियो और एयरटेल जैसे मजबूत खिलाड़ी इससे फायदा उठाएंगे, जबकि वोडाफोन आइडिया को नुकसान हो सकता है। यूजर्स को अब सोचना पड़ेगा कि क्या 199 रुपये का मंथली प्लान 222 रुपये हो जाए या 899 वाला 1006 रुपये का। यह बदलाव 5जी नेटवर्क को पैसे कमाने लायक बनाने के लिए जरूरी बताया जा रहा है, क्योंकि अभी अनलिमिटेड 5जी डेटा मुफ्त मिल रहा है। लेकिन सवाल यह है कि क्या ग्राहक इतनी जल्दी तैयार हैं? कुल मिलाकर, यह बढ़ोतरी बाजार की हवा बदलेगी, लेकिन आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी पर क्या असर डालेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

आने वाली बढ़ोतरी का पूरा राज: कब, कितना और किस पर असर



बार-बार दाम ऊपर क्यों? टेलीकॉम की पुरानी कहानी और नई मजबूरियां

टेलीकॉम कंपनियां दाम क्यों बढ़ा रही हैं इतनी तेजी से, यह समझना आसान नहीं। आठ सालों में तीन बड़ी बढ़ोतरी के बाद अब चौथी की तैयारी, इसका पीछा कई वजहें हैं। सबसे बड़ी बात 5जी नेटवर्क का खर्चा है, जो अरबों रुपये का बोझ डाल रहा। कंपनियां इसे लगाने के बाद अब पैसे वसूलना चाहती हैं, इसलिए अनलिमिटेड 5जी को महंगे प्लान्स तक सीमित कर रही हैं। दूसरी वजह एजीआर बकाया और सरकारी ड्यूज हैं, जो वोडाफोन आइडिया जैसी कंपनियों को तोड़ रहे हैं। मोरगन स्टैनली की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का एआरपीयू बहुत कम है, जिससे कंपनियां घाटे में चल रही। तुलना करें तो फिलीपींस जैसे देशों में यह दोगुना है। कंपनियां सस्ते प्लान्स हटा रही हैं और ओटीटी सर्विसेज को प्रीमियम पैकेज में डाल रही हैं, ताकि यूजर्स ऊंचे दाम वाले प्लान चुनें। 2025 में कोई खुली बढ़ोतरी नहीं हुई, लेकिन फायदे घटाकर चुपचाप लागत ऊंची की गई। अब 2026 में खुला खेल होगा, क्योंकि दो साल का टैरिफ चक्र खत्म हो रहा। इतनी जल्दी बढ़ोतरी इसलिए भी, क्योंकि कैपिटल खर्चा घट रहा है, लेकिन डेटा इस्तेमाल बढ़ रहा। ग्राहक फोन से फीचर फोन पर, प्रीपेड से पोस्टपेड पर शिफ्ट हो रहे, जो एआरपीयू बढ़ाने में मदद करेगा। लेकिन सवाल उठता है कि क्या यह सही रास्ता है? कंपनियां कहती हैं कि सस्ते दाम से क्वालिटी प्रभावित हो रही, लेकिन यूजर्स पूछते हैं कि कब तक यह सिलसिला चलेगा। कुल मिलाकर, यह बाजार की पुरानी लड़ाई है, जहां लाभ और सेवा का बैलेंस बनाना मुश्किल हो रहा।

ग्राहकों की जेब पर बोझ: बढ़ते दामों से रोजमर्रा कैसे बदलेगी जिंदगी

मोबाइल रिचार्ज महंगा होने से सबसे ज्यादा फर्क आम यूजर को पड़ेगा, खासकर उन परिवारों पर जो मध्यम वर्ग के हैं। कल्पना करें, आपका 28 दिन का 1.5 जीबी डेटा वाला प्लान 50 रुपये महंगा हो जाए, तो महीने में 150 रुपये अतिरिक्त खर्च। मोरगन स्टैनली के अनुमान से 16-20 फीसदी बढ़ोतरी से 12 करोड़ प्रीपेड यूजर्स प्रभावित होंगे। गांवों में जहां लोग सस्ते प्लान पर निर्भर हैं, वहां यह झटका और गहरा होगा। लेकिन दूसरी तरफ, कंपनियां कहती हैं कि बेहतर 5जी स्पीड और कवरेज मिलेगा, जो लंबे समय में फायदेमंद। 2024 की बढ़ोतरी के बाद भी सब्सक्राइबर बेस बढ़ा, क्योंकि सेवा सुधरी। वोडाफोन आइडिया के यूजर्स सबसे ज्यादा परेशान होंगे, क्योंकि उनकी बाजार हिस्सेदारी 29 से घटकर 22.5 फीसदी रह सकती है। एयरटेल और जियो के यूजर्स को शायद कम झटका लगे, लेकिन कुल मिलाकर महंगाई के दौर में यह बोझ बढ़ाएगा। सवाल यह है कि क्या ग्राहक कंपनियों का दबाव झेल पाएंगे? कई लोग अब बीएसएनएल जैसे सस्ते विकल्प तलाश रहे, जो 2025 में दाम नहीं बढ़ा। लेकिन बीएसएनएल की सेवा क्वालिटी पर सवाल हैं। कुल प्रभाव यह कि शहरी यूजर्स ओटीटी बंडलिंग से खुश हो सकते हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों में डेटा एक्सेस सीमित हो सकता है। यह बदलाव हमें सोचने पर मजबूर करता है कि तकनीक की दौड़ में आम आदमी पीछे न छूट जाए। बैलेंस्ड नजरिए से देखें तो बढ़ोतरी जरूरी है, लेकिन पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए।

कंपनियों की मजबूरी: लाभ की होड़ में क्यों फंस गई टेलीकॉम इंडस्ट्री

टेलीकॉम कंपनियां दाम बढ़ाकर क्या हासिल कर रही हैं, यह उनकी मजबूरी की कहानी बयान करता है। जियो और एयरटेल जैसी लीडर्स 2026 की बढ़ोतरी से अपनी कमाई हिस्सा 36 से बढ़ाकर 40 फीसदी कर लेंगी, जबकि वोडाफोन आइडिया 24 से घटकर 18 फीसदी पर सिमट जाएगी। रिपोर्ट्स बताती हैं कि 5जी निवेश के बाद अब मोनेटाइजेशन का वक्त है, क्योंकि डेटा प्राइस प्रति जीबी बहुत कम है। कंपनियां प्रीपेड यूजर्स को पोस्टपेड पर शिफ्ट कर रही, जो ज्यादा कमाई देता। इंटरनेशनल रोमिंग और स्मार्टफोन अपग्रेड भी एआरपीयू बढ़ाने के हथकंडे हैं। लेकिन क्यों इतनी जल्दी? क्योंकि इंडस्ट्री का एआरपीयू 370-390 रुपये तक पहुंचना चाहिए, जो फिलहाल आधा है। 2019, 2021 और 2024 की बढ़ोतरी से मजबूत कंपनियां फायदे में रहीं, लेकिन कमजोर खिलाड़ी पिछड़ गए। अब 2026 में भी यही पैटर्न दोहराएगा। सरकार की पॉलिसी ने भारत को दुनिया का सबसे सस्ता टेलीकॉम बाजार बनाया, लेकिन कंपनियों को घाटा हो रहा। ट्राई रेगुलेशंस ने लागत कम रखी, लेकिन अब बैलेंस बनाने का दबाव है। सवाल उठता है कि क्या यह होड़ यूजर्स के हित में है? कंपनियां कहती हैं कि बिना बढ़ोतरी के नई तकनीक नहीं ला सकतीं। लेकिन बैलेंस्ड दृष्टि से, यह इंडस्ट्री की परिपक्वता की निशानी है, जहां लाभ और सेवा दोनों को संभालना पड़ेगा। आगे सैटेलाइट इंटरनेट जैसे नए विकल्प आ सकते हैं, जो दामों को नियंत्रित करें।

आगे की राह: यूजर्स के लिए सलाह और बाजार का भविष्य

अब जब बढ़ोतरी तय लग रही, तो यूजर्स क्या करें? सबसे पहले, मौजूदा सस्ते प्लान्स को लंबे समय के लिए रिचार्ज कर लें, ताकि नई दरें बाद में लागू हों। बीएसएनएल जैसे विकल्प देखें, जो दाम नहीं बढ़ा रहा, लेकिन स्पीड चेक करें। पोस्टपेड पर शिफ्ट करने से फायदे मिल सकते हैं, जैसे बेहतर कस्टमर केयर। कंपनियां ओटीटी बंडलिंग बढ़ा रही, तो फैमिली प्लान चुनें जो कई डिवाइस कवर करें। भविष्य में 2026 तक सैटेलाइट इंटरनेट रोलआउट होगा, जो ग्रामीण इलाकों में सस्ता कनेक्शन लाएगा। मोरगन स्टैनली का अनुमान है कि एआरपीयू बढ़ने से इंडस्ट्री मजबूत होगी, लेकिन सरकार को ट्राई के जरिए निगरानी रखनी चाहिए। सवाल यह है कि क्या यूजर्स की आवाज सुनी जाएगी? बैलेंस्ड नजरिए से, बढ़ोतरी सेवा सुधार लाएगी, लेकिन ज्यादा न हो। कंपनियां और रेगुलेटर मिलकर ऐसा मॉडल बनाएं जहां तकनीक सबके पहुंच में हो। कुल मिलाकर, यह बदलाव हमें जागरूक बनाता है कि मोबाइल सिर्फ फोन नहीं, जिंदगी का हिस्सा है। स्मार्ट चॉइस से बोझ कम किया जा सकता है।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

भारत श्री

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम

सोमवार, 22 दिसंबर 2025, विक्रम संवत 2080

राहुल गांधी के बयान और हिंदुत्व–लोकतंत्र की बहस

राहुल गांधी जर्मनी के दौरे पर हैं जर्मनी के बैंकॉक शहर में उन्होंने एक बहुत महत्वपूर्ण भाषण में तीन बातें प्रमुख प्रमुख रूप से कही । पहली बात उन्होंने यह कहीं की भारत में हर जगह संघ के लोग बैठ रहे हैं न्यायपालिका चुनाव आयोग कार्यपालिका विधायिका सब जगह संघ के लोगों का वर्चस्व हो रहा है । दूसरी बात उन्होंने यह कही कि भारत में संविधान बदलने की योजना बन रही है भारत का वर्तमान संविधान खतरे में है तीसरी बात उन्होंने यह भी कहीं कि भारत में लोकतंत्र को भी बदलने की तैयारी हो रही है भारत का लोकतंत्र भी खतरे में है। मैंने इन तीनों बातों पर गंभीरता से विचार किया। यह बात सच है कि भारत में लगातार संघ मजबूत हो रहा है क्योंकि संघ और हिंदुत्व एकाकार हो गए हैं सभी जगह से कम्युनिस्ट किनारे हो रहे हैं और संघ के लोग स्थापित हो रहे हैं लेकिन इसमें गलती किसकी है अगर विपक्ष मुसलमान कम्युनिस्ट विदेशियों को साथ लेकर भारत पर शासन करना चाहता है इसमें संघ गलत नहीं है हिंदुत्व गलत नहीं है गलत है तो विपक्ष। दूसरी बात यह है कि संविधान में बदलाव की तैयारी हो रही है इसमें क्या गलत है। यदि संविधान में संवैधानिक तरीके से बदलाव होता है तो राहुल गांधी उस बदलाव को कैसे रोक देंगे नेहरू खानदान ने संविधान में अब तक सैकड़ो बदलाव किया अब अगर नए तरीके से हम लोग दो-चार बदलाव करते हैं तो राहुल को कष्ट क्यों है क्या राहुल यह कह सकते हैं कि भविष्य में संविधान में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा। तीसरी बात उन्होंने लोकतंत्र पर कहीं यदि लोकतंत्र लोक स्वराज की दिशा में जाता है तो राहुल को कष्ट क्यों है क्या हम इस लोकतंत्र को जीवन भर ढोते रहे जो पश्चिम का सड़ा गला लोकतंत्र है । यदि उसके विकल्प के रूप में लोग स्वराज आता है तो राहुल को आपति नहीं होनी चाहिए । मेरे विचार से राहुल गांधी को यह बात भारत में और विशेष कर हिंदुओं के सामने रखनी चाहिए क्योंकि इसका समाधान भारत की जनता कर सकती है जर्मनी नहीं।

बजरंग मुनि

बांग्लादेश में हिंदुओं की पीड़ा और हमारी नैतिक जिम्मेदारी

@ **अनुराग पाठक**

बांग्लादेश में एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या सिर्फ एक व्यक्ति की मौत नहीं है, यह पूरे दक्षिण एशिया के अल्पसंख्यक समुदायों की असुरक्षा का आईना है। जिस तरह विरोध प्रदर्शन के दौरान उसे पीट-पीटकर मार दिया गया, उसके शव को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया और फिर जला दिया गया, वह सभ्य समाज की आत्मा को झकझोर देने वाला दृश्य है। यह घटना बताती है कि भीड़ की हिंसा जब राजनीतिक और धार्मिक उन्माद से जुड़ जाती है, तो मानवता सबसे पहले मरती है।

दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने हुए प्रदर्शन इसी पीड़ा और आक्रोश की अभिव्यक्ति थे। यह आक्रोश स्वाभाविक है। पड़ोसी देश में रहने वाले हिंदू केवल धार्मिक पहचान के कारण निशाना बनाए जा रहे हों और उनकी रक्षा के लिए राज्य तंत्र कमजोर या उदासीन दिखे, तो उसकी गूंज सीमाओं से परे सुनाई देती है। भारत में हुआ विरोध प्रदर्शन केवल भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक चेतावनी भी है कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों को नजरअंदाज करने की कीमत क्षेत्रीय अस्थिरता के रूप में चुकानी पड़ सकती है।बांग्लादेश का जन्म धर्मनिरपेक्षता के आदर्शों के साथ हुआ था। 1971 के मुक्ति संग्राम की बुनियाद भाषा, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों पर रखी गई थी, न कि धार्मिक वर्चस्व पर। लेकिन समय के साथ वहां की राजनीति में कट्टरता का प्रभाव बढ़ा है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा हिंदू समुदाय को भुगतना पड़ रहा है, जिसकी आबादी लगातार घट रही है। कभी जो समुदाय वहां की सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना का अभिन्न हिस्सा था, वह आज भय और असुरक्षा में जीने को मजबूर है।

यह भी सच है कि किसी एक घटना को पूरे देश या समाज का चेहरा नहीं कहा जा सकता। बांग्लादेश में आज भी बड़ी संख्या में लोग हैं जो ऐसी हिंसा के खिलाफ हैं। लेकिन सवाल यह है कि राज्य की भूमिका क्या है। क्या दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई हो रही है। क्या अल्पसंख्यकों को यह भरोसा दिया जा रहा है कि वे इस देश के बराबरी के नागरिक हैं। अगर जवाब स्पष्ट नहीं है, तो समस्या गंभीर है।दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड टूटना और माहौल का तनावपूर्ण होना एक अलग पहलू है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विरोध शांतिपूर्ण और कानून के दायरे में रहे। भावनाओं का सम्मान जरूरी है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दायित्वों की अनदेखी नहीं की जा सकती। इसी संतुलन में एक जिम्मेदार राष्ट्र की पहचान होती है।

दूसरी ओर, बांग्लादेश द्वारा भारतीय हाई कमिश्नर को तलब करना कूटनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा है। लेकिन इससे बड़ा सवाल यह है कि क्या ढाका अपनी जमीन पर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर उतनी ही गंभीरता दिखा रहा है। यदि नहीं, तो ऐसे कूटनीतिक कदम केवल औपचारिकता बनकर रह जाएंगे।

इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा किसी एक देश का आंतरिक मामला भर नहीं रह जाती। मानवाधिकारों का सवाल अंतरराष्ट्रीय होता है। जब किसी समुदाय को उसकी पहचान के कारण निशाना बनाया जाता है, तो वैश्विक विवेक को बोलना पड़ता है। भारत, एक लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक रूप से विविध देश होने के नाते, इस मुद्दे पर संवेदनशील और संतुलित भूमिका निभा सकता है।भारत को चाहिए कि वह भावनात्मक बयानबाजी से आगे बढ़कर कूटनीतिक स्तर पर ठोस पहल करे। बांग्लादेश सरकार से स्पष्ट संवाद हो, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चिंता दर्ज कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि दोषियों को सजा मिले। साथ ही, दोनों देशों के बीच लोगों से लोगों के संबंधों को कमजोर न होने दिया जाए, क्योंकि हिंसा की राजनीति का सबसे बड़ा नुकसान इन्हीं रिश्तों को होता है।

दीपू चंद्र दास की हत्या हमें याद दिलाती है कि धर्म, राष्ट्र और राजनीति से ऊपर मानव जीवन का मूल्य होना चाहिए। अगर हम इस मूल सत्य को भूल जाते हैं, तो कोई भी समाज सुरक्षित नहीं रह सकता। आज बांग्लादेश के हिंदू असुरक्षित हैं, कल कोई और समुदाय होगा। इसलिए यह सिर्फ हिंदुओं का मुद्दा नहीं, बल्कि मानवता की साझा चिंता है।अंततः, सवाल केवल यह नहीं है कि दिल्ली में कितना बड़ा प्रदर्शन हुआ या ढाका ने क्या प्रतिक्रिया दी। असली सवाल यह है कि क्या इस घटना से कोई सीख ली जाएगी। क्या बांग्लादेश अपने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा और सम्मान देगा। और क्या क्षेत्र के देश मिलकर यह संदेश देंगे कि भीड़ की हिंसा और धार्मिक नफरत के लिए यहां कोई जगह नहीं है। अगर इन सवालों के जवाब सकारात्मक नहीं हुए, तो ऐसी घटनाएं बार-बार हमें शर्मिंदा करती रहेंगी।

जुबानी तीर

“ बांग्लादेश में हिंदू, ईसाई और बौद्ध जैसे अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा चिंता का विषय है सरकार को इस मामले पर संज्ञान लेना चाहिए।

प्रियंका गांधी वाड्रा (कांग्रेस नेता)

“ बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या अत्यंत निंदनीय और मानवाधिकारों पर सीधा हमला है। वहां अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश सरकार को दोषियों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

जे.पी. नड्डा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी)

“ हमने बांग्लादेश के अधिकारियों को अल्पसंख्यकों पर हमलों पर अपनी कड़ी चिंता से अवगत कराया है और आग्रह किया है कि दास की बर्बर हत्या में शामिल दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए।

विदेश मंत्रालय

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. महिमा मक्कर द्वारा एच0टी0 मीडिया, प्लॉट नं. 8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा-9 उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं जी. एफ. 5/115, गली नं. 5 संत निरंकारी कालोनी, दिल्ली-110009 से प्रकाशित । संपादकः महिमा मक्कर, RNI No. DELHI/2019/77252, संपर्क 011-43563154

विज्ञापन एवं वार्षिक सब्सक्रिप्शन के लिए ऑफिस के पते पर सम्पर्क करें या फिर इन नम्बरों - 9667793987 या 9667793985 पर बात करें या इस पर media@bharatshri.com ईमेल करें।

त्वचा रोग का आयुर्वेदिक इलाज

त्वचा केवल शरीर का बाहरी आवरण नहीं है, बल्कि यह हमारे अंदरूनी स्वास्थ्य का आईना भी है। शरीर के भीतर चल रही गड़बड़ियां सबसे पहले त्वचा पर ही दिखाई देती हैं। दाने, खुजली, चकत्ते, फोड़े, दाग, एलर्जी, सोरायसिस, एक्जिमा या मुंहासे — ये सब सिर्फ बाहरी समस्या नहीं, बल्कि अंदरूनी असंतुलन का संकेत होते हैं। आधुनिक चिकित्सा में जहां त्वचा रोगों का इलाज अक्सर क्रीम, एंटीबायोटिक या स्टेरॉइड तक सीमित रह जाता है, वहीं आयुर्वेद इन रोगों को जड़ से समझने और ठीक करने की पद्धति अपनाता है।

आयुर्वेद में त्वचा रोगों की समझ

आयुर्वेद के अनुसार त्वचा रोगों को "कुष्ठ रोग" के व्यापक वर्ग में रखा गया है। इसमें छोटे-बड़े सभी प्रकार के चर्म रोग शामिल हैं। आयुर्वेद मानता है कि त्वचा रोग मुख्य रूप से त्रिदोष — वात, पित्त और कफ के असंतुलन से होते हैं। विशेष रूप से पित्त दोष की भूमिका त्वचा रोगों में सबसे अधिक मानी गई है, क्योंकि पित्त का संबंध रक्त, ऊष्मा और रंग से होता है।

जब गलत खानपान, तनाव, नींद की कमी, प्रदूषण या रसायनयुक्त चीजों के कारण पित्त और रक्त दूषित हो जाते हैं, तो उसका असर सीधे त्वचा पर दिखता है। इसलिए आयुर्वेदिक इलाज केवल ऊपर से लगाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि शरीर को अंदर से शुद्ध करने पर जोर देता है।

त्वचा रोगों के प्रमुख कारण

आयुर्वेद के अनुसार त्वचा रोगों के कुछ मुख्य कारण इस प्रकार हैं:

विरुद्ध आहार का सेवन, जैसे दूध के साथ नमकीन या खट्टा

अधिक तला-भुना, मसालेदार और फास्ट फूड

अत्यधिक शराब या नशीले पदार्थ

दिन में सोना और रात में जागना

मानसिक तनाव, क्रोध और चिंता

कब्ज और कमजोर पाचन शक्ति

लंबे समय तक दवाइयों का सेवन

जब पाचन ठीक नहीं रहता, तो शरीर में "आम" यानी विषैले तत्व बनने लगते हैं, जो रक्त को दूषित करते हैं और त्वचा रोग पैदा करते हैं।

आयुर्वेदिक इलाज की तीन प्रमुख दिशाएं

आयुर्वेद में त्वचा रोगों का इलाज तीन स्तरों पर किया जाता है:

1. शोधन चिकित्सा (शरीर की शुद्धि)

यह आयुर्वेद की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है। इसमें पंचकर्म पद्धति के जरिए शरीर से विषैले तत्व बाहर निकाले जाते हैं। त्वचा रोगों में विशेष रूप से विरेचन (पित्त शोधन) और रक्तमोक्षण का उपयोग किया जाता है। इससे रोग की जड़ कमजोर होती है।

2. शमन चिकित्सा (दोषों को संतुलित करना)

इसमें आयुर्वेदिक औषधियों के जरिए बढ़े हुए दोषों को शांत किया जाता है। ये दवाएं शरीर के अंदर काम करती हैं और धीरे-धीरे रोग को नियंत्रित करती हैं।

3. आहार और जीवनशैली सुधार

आयुर्वेद मानता है कि बिना सही खानपान और दिनचर्या बदले कोई भी इलाज पूरी तरह सफल नहीं हो सकता।

त्वचा रोगों में उपयोगी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां

आयुर्वेद में कई ऐसी औषधियां हैं जो सदियों से त्वचा रोगों में प्रभावी मानी जाती रही हैं:

नीमः रक्त शुद्ध करने में सबसे प्रभावी

मंजिष्ठाः त्वचा की रंगत सुधारने और दाग-धब्बे कम करने में सहायक

हल्दीः सूजन और संक्रमण को कम करती है

खदिरः खुजली और एलर्जी में उपयोगी

गिलोयः इम्यूनिटी बढ़ाकर त्वचा रोगों से लड़ने में मददगार

आंवलाः त्वचा को पोषण देता है और उम्र के असर को कम करता है

इन जड़ी-बूटियों का प्रयोग काढ़ा, चूर्ण, गोली या लेप के रूप में किया जाता है।

बाहरी उपचार का महत्व

आयुर्वेद बाहरी उपचार को भी नकारता नहीं है, लेकिन उसे सहायक भूमिका में रखता है। नीम, हल्दी, चंदन, एलोवेरा और सरसों या नारियल तेल से बने लेप त्वचा को राहत देते हैं। ये खुजली, जलन और सूजन को कम करते हैं, लेकिन आयुर्वेद हमेशा अंदरूनी इलाज को प्राथमिकता देता है।

क्या खाएं:

हल्का, सुपाच्य और ताजा भोजन

हरी सब्जियां और मौसमी फल

मूंग की दाल, जौ और चावल

गुनगुना पानी

छाछ

क्या न खाएं:

बहुत ज्यादा मसालेदार और तैलीय भोजन

दही और दूध का गलत समय पर सेवन

बासी और प्रोसेस्ड फूड

चीनी और मैदा

शराब और सिगरेट

मानसिक स्थिति का असर त्वचा पर

आयुर्वेद यह भी मानता है कि मन और त्वचा का गहरा संबंध है। तनाव, डर, गुस्सा और अवसाद त्वचा रोगों को बढ़ा सकते हैं। इसलिए योग, प्राणायाम और ध्यान को इलाज का जरूरी हिस्सा माना गया है। अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और ध्यान से मन शांत होता है और शरीर का संतुलन बेहतर होता है।

धैर्य और निरंतरता जरूरी

आयुर्वेदिक इलाज चमत्कार नहीं करता, बल्कि धीरे-धीरे स्थायी सुधार लाता है। त्वचा रोग जो वर्षों में बने होते हैं, उन्हें ठीक होने में भी समय लगता है। लेकिन आयुर्वेद का लाभ यह है कि इलाज बंद करने के बाद भी रोग दोबारा लौटने की संभावना कम होती है।त्वचा रोगों का आयुर्वेदिक इलाज केवल लक्षण दबाने का नहीं, बल्कि शरीर को फिर से संतुलन में लाने का प्रयास है। यह व्यक्ति की जीवनशैली, खानपान और मानसिक स्थिति को साथ लेकर चलता है। अगर सही मार्गदर्शन में और धैर्य के साथ आयुर्वेदिक उपचार अपनाया जाए, तो त्वचा रोगों से स्थायी राहत संभव है।आज जब रसायनयुक्त क्रीम और तात्कालिक राहत देने वाली दवाएं आम हो गई हैं, ऐसे समय में आयुर्वेद हमें याद दिलाता है कि असली इलाज हमेशा जड़ में होता है, सतह पर नहीं।

महात्मा विजय कृष्ण गोस्वामी जी भक्ति अमृत की दिव्य धारा

महात्मा विजय कृष्ण गोस्वामी जी ने सत्यरस और ब्रह्मानन्द के वितरण के लिए ही यह शरीर धारण किया था। उन्होंने आजीवन सत्य-ब्रह्म के शिवमय दिव्य सौंदर्य का चिंतन किया। असंख्य प्राणियों को अपने ब्रह्म-संगीत से मोहित कर लिया। निस्संदेह उनकी उपस्थिति से केवल श्यामला, कोमल कान्तिमयी स्वर्णिम वंगभूमि ही नहीं, बल्कि आसेतु हिमाचल की दिव्य गरिमा धन्य हो गई। वे रामकृष्ण और विवेकानन्द के समकालीन थे। योगी गम्भीरनाथ की साधना और तपस्या से पवित्र उत्तरापथ में विचरण कर उन्होंने ब्रह्म के दिव्य गान से भारत की धरती के कण-कण को पवित्र कर दिया। ब्राह्मसमाज के सिद्धांतों को भारतीय शास्त्र मर्यादा और भागवत चेतना की कसौटी पर कसकर उन्होंने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संरक्षण तथा जागरण में महान सहयोग दिया। उन्होंने अपने समय की अध्यात्म-चेतना को भागवत रस से सम्पूर्ण सुलगावित कर दिया। महर्षि देवेन्द्रनाथ ठाकुर के उपदेशामृत-पान से उनकी अन्तरात्मा ज्योतिर्मय हो उठी। महात्मा विजय कृष्ण गोस्वामी जी ने सत्य का साक्षात्कार किया। उनका जीवन भव-बंधन से मोक्ष और राष्ट्रीय अभ्युदय अथवा निर्माण का प्रतीक था। उनके जीवन का अधिकांश भाग बंगाल में ही बीता। वे महात्मा, भक्त और संत-सेवक के अद्भुत और असाधारण संन्वय थे। उनकी भक्ति की धारा ऐसी थी कि प्राणी मात्र उसके स्पर्श से ब्रह्मानन्द में डूब जाते।

अवतरण: सत्य-ब्रह्म का दिव्य गान

जन्म और कुल परम्परा: भागवत वंश की अमूल्य निधि

महात्मा विजय कृष्ण गोस्वामी जी ने परम भागवत कुल में जन्म लिया था। उनके पूर्वज चैतन्य देव के समकालीन परम वैष्णव, अद्भुत ब्रह्मानन्दी कृष्ण-भक्त अद्वैताचार्य महाशय थे। इन्होंने शांतिपुर में जन्म लेकर नवद्वीप धाम को अपनी सरस भगवद्भक्ति से गौरवान्वित किया। महाप्रभु चैतन्य की रसमयी लीला का विस्तार किया। उनके 'जीवे दया नामे रुचि' महामंत्र ने बंगाल को व्रज में परिवर्तित कर दिया था। विजय कृष्ण जी के शरीर में अद्वैताचार्य महाशय का पवित्र रक्त प्रवाहित था। अद्वैताचार्य महाशय की जीवन-कथा से उन्होंने अपार प्रेरणा प्राप्त की थी। वे ऐसे परम पवित्र कुल में भगवान की कृपा से जन्म प्राप्त कर अपने आपको अमित सौभाग्यशाली समझते थे। अपने पूर्वजों के प्रति उनके मन में अगाध श्रद्धा, असाधारण गौरवबुद्धि और पूज्य भावना थी। भगवद्भक्ति उनकी पैतृक संपत्ति थी। यह कुल ऐसा था मानो भक्ति का अमृत सरिता वहीं से निकल रही हो, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी दिव्य प्रेम की ज्योति जलाए चला आ रहा था।

बंगाल प्रांत के नदिया जनपद में परम पवित्र भगवती भागीरथी के तट पर शांतिपुर में उनका निवास स्थान था। विजय कृष्ण गोस्वामी जी के पिता आनंद किशोर लब्धप्रतिष्ठ व्यक्ति थे। उनकी पत्नी का नाम स्वर्णमयी था। दैवयोग से माता स्वर्णमयी अपने मायके गई हुई थी। स्वर्णमयी का मायका नदिया जनपद के शिकारपुर ग्राम के निकटवर्ती दहकूल ग्राम था। उन्होंने संवत् 1898 विक्रम में झूलन पूर्णिमा को (सन् 1841 ई., 2 अगस्त को) विजय कृष्ण गोस्वामी जी को जन्म दिया। शांतिपुर और दहकूल दोनों ग्रामों में प्रसन्नता और आनंद की बाढ़ आ गई। स्वजन और सगे-सम्बंधी नवजात के आगमन से हर्षित हो उठे। विजय कृष्ण जी के माता-पिता बड़े सात्विक स्वभाव के थे। उन्होंने अपने प्राणप्यारे पुत्र के सुचारु पालन-पोषण में अमित सावधानी का परिचय दिया। कभी विजय कृष्ण मामा के घर रहते थे तो कभी अपने घर शांतिपुर में रहते थे। इस प्रकार उनकी शिक्षा का कोई निश्चित क्रम न था।

कभी वे शांतिपुर की पाठशाला में पढ़ने जाते थे तो कभी दहकूल के विद्यालय में शिक्षा पाते थे। बचपन से ही माता-पिता के सात्विक संपर्क के कारण साधु-संतों और देवी-देवताओं तथा भगवान में उनकी श्रद्धा बढ़ती गई। वे अद्भुत प्रतिभाशाली और बुद्धिमान थे। यद्यपि देखने में बड़े चंचल थे पर स्वभाव कोमल और मधुर था। मन में दया का भाव था। घर में भगवान गोविंद देवकी पूजा होती थी। विजय कृष्ण बड़े प्रेम से अपने गृहदेवता गोविंद देव को साथ में खेलने के लिए बुलाया करते थे। और जब यह देखते थे कि भगवान नहीं आते हैं तब उन पर क्रोध प्रकट करते थे। इस प्रकार बाल्यावस्था में ही उनमें भगवान के प्रति विश्वास और जगत प्रेम की वृद्धि होने लगी। यह बाल लीला ऐसी थी मानो भगवान स्वयं उनके हृदय में खेल रहे हों, और वे उस दिव्य संग का आनंद लेने को व्याकुल हो उठते।

युवावस्था का आध्यात्मिक मोड़: कलकत्ता की विद्या और ब्राह्म दीक्षा

ग्राम पाठशाला का अध्ययन समाप्त होने पर संस्कृत के अध्ययन के लिए वे कलकत्ता आए। उन्हें हिंदू शास्त्रों के अध्ययन का सुंदर अवसर मिला। कलकत्ता के लब्धप्रतिष्ठ विद्वानों के संपर्क में उन्होंने बहुत कुछ सीखा। उनकी देवेन्द्रनाथ महर्षि से घनिष्ठता बढ़ गई। उनके उपदेशों से उन्हें आत्मज्ञान का प्रकाश मिला। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में प्रवेश किया। थोड़े समय के बाद उनका विवाह कर दिया गया। उनकी पत्नी का नाम योगमाया देवी था जो बड़ी सती-साध्वी और उदात्त चरित्र की रमणी थी। विजय कृष्ण गोस्वामी जी ने गृहस्थाश्रम में प्रवेश करने के बाद भी महर्षि देवेन्द्रनाथ के उपदेशों से प्रभावित होकर ब्राह्म धर्म की दीक्षा ले ली और मेडिकल कॉलेज की शिक्षा छोड़ दी। महर्षि देवेन्द्रनाथ के मुख से निकले उपदेशों ने उनके हृदय में भागवत माधुर्य भर दिया। महात्मा विजय कृष्ण गोस्वामी जी ने ब्राह्म समाज के लोगों में निर्मल भगवदुपासना-पद्धति का प्रचार किया। ब्राह्म समाज के मूल में लगे वैदेशिकता के कीड़ों का अंत कर डाला। पहले उन्होंने पूर्व बंगीय जनपद ढाका, खुलना, नोआखाली और मैमनसिंह आदि में ब्राह्मसमाज का प्रचार किया। जनता को नवीन ज्ञान-प्रकाश में भागवत चेतना दी। ब्रह्म-उपासना की विधि समझाई। उसके बाद केशव चंद्रसेन के साथ उत्तर-पश्चिम में प्रचार-यात्रा की। देश के कोने-कोने में ब्राह्म-समाज का प्रचार करना ही उनका जीवन-व्रत था। कुछ दिनों के बाद उन्होंने स्वतंत्र रूप से प्रचार-कार्य किया। वे कलकत्ता से शांतिपुर आते-जाते रहते थे। उन दिनों उनके मन में भगवद्भक्ति बड़े वेग से बढ़ रही थी। यह यात्राएं ऐसी थीं मानो वे भगवान के चरणों की खोज में ही भटक रहे हों, और हर कदम पर दिव्य प्रेरणा प्राप्त कर रहे हों।

शांतिपुर का दिव्य संयोग: चैतन्य भक्ति का जागरण

एक बार वे शांतिपुर आए हुए थे। उनके जीवन पर नवद्वीप के चैतन्यदास बाबा ने बड़ा प्रभाव डाला। शांतिपुर निवास-काल में महात्मा विजय कृष्ण गोस्वामी जी भगवान के भजन के लिए बड़े व्याकुल रहते थे। सदा भगवच्चिंतन में लगे रहना ही उनका दैनिक कार्यक्रम हो गया था। वे नित्य भागीरथी के तट पर वासंती ज्योत्सना में विचरण करते थे तथा उद्विग्न होकर अपने प्रेमास्पद की खोज करते थे। दिव्य प्राकृतिक सौंदर्य की पवित्रता के नयन में आलोडन होते ही उन्हें अपने प्रियतम का स्मरण हो जाया करता था। एक दिन विजय कृष्ण गोस्वामी जी ने अपने मन की भावना शांतिपुर-निवासी हरिमोहन प्रामाणिक के सम्मुख रखी। हरिमोहन ने उनके नव्यप्रेम से विशेष प्रसन्न होकर उन्हें पढ़ने के लिए चैतन्य चरितामृत ग्रंथ दिया। महात्मा विजय कृष्ण गोस्वामी जी के हाथ में चैतन्य चरितामृत ग्रंथ का जाना था कि उनके रोम-रोम में अखंड और अतर्क्य भगवन्निष्ठा जाग उठी। जीव मात्र के प्रति दया, भगवन्नाम में भक्ति और रुचि तथा अनन्याश्रय की भावना से उनके विरहदग्ध हृदय को बड़ी शांति मिली। एक दिन विजय कृष्ण चैतन्य दास बाबा से मिलने गए। उनके साथ उनके भ्राता नीलकमल देव थे। उन्होंने बाबा से भगवद्भक्ति-लाभ का उपाय पूछा। चैतन्य दास बाबा के रोम-रोम सिहर उठे। उन्होंने बड़े प्रेम से विजय कृष्ण की ओर देखकर कहा कि भक्ति तो तुम्हारे ही घर की संपत्ति है। अद्वैताचार्य के वंशजों के रोम-रोम में भक्ति का निवास है। बाबा ने विजय कृष्ण से कहा कि यदि प्रेम-भक्ति के लाभ की मन में इच्छा है तो संसार के प्रति अनासक्त होकर दीन हीन और अकिंचन अवस्था का वरण कर लेना चाहिए। मन में अहंकार को एक कणिका भी रहने पर भगवान की भक्ति नहीं मिल सकती है। विजय कृष्ण जी के मन पर चैतन्य दास बाबा के कथन का गहरा प्रभाव पड़ा। उनके मन में भगवद्भक्ति-प्राप्ति की आकांक्षा जाग उठी। महात्मा विजय कृष्ण गोस्वामी जी ने भक्ति-व्रत ग्रहण किया। एक बार वे शांतिपुर से नवद्वीप जा रहे थे। रास्ते में कृष्णनगर के नगेन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय के घर वे ठहर गए। उन्होंने नगेन्द्रनाथ से कहा कि मुझे चैतन्य दास बाबा ने भक्तिपरक उपदेश देकर कृतार्थ कर दिया। उन्होंने मुझे भोजन करने के लिए दिया। मेरे भोजन करने के उपरांत वे स्वयं मेरे पत्तल पर भोजन करने आए। मैंने निवेदन किया कि मैं ब्रह्म ज्ञानी हूं, मेरे पत्तल पर भोजन करना निषिद्ध है। चैतन्य दास बाबा ने कहा कि तुमने अद्वैत के वंश में जन्म लिया है, तुम परम भागवत हो। मैं उनके संपर्क से धन्य हो गया। यह संवाद भक्ति की गहराई को उजागर करता है, जहां विनम्रता ही दिव्य द्वार खोलती है।

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

ट्रम्प की सत्ता, पैसे का जाल और सवालों के घेरे में अमेरिकी राजनीति

@ आनंद मीणा

अमेरिका की राजनीति में पैसा हमेशा ताकतवर रहा है, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद यह ताकत किस स्तर तक पहुंच गई है, इसका अंदाजा न्यूयॉर्क टाइम्स की एक लंबी जांच से मिलता है। यह कहानी सिर्फ चंदे की नहीं है, यह कहानी सत्ता, पहुंच, फायदे और उन सवालों की है, जो लोकतंत्र की आत्मा को झकझोरते हैं।डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने चुनाव प्रचार से भी ज्यादा बड़ा काम किया—बड़े पैमाने पर फंड जुटाना। जांच में सामने आया है कि चुनाव खत्म होने के बाद ट्रम्प और उनके करीबी लोगों ने करीब 2 अरब डॉलर, यानी लगभग 18 हजार करोड़ रुपये, अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके पूरे चुनाव अभियान में जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है।

चुनाव के बाद भी क्यों इतना पैसा

आम तौर पर चुनाव खत्म होते ही फंडरेजिंग की रफ्तार धीमी हो जाती है, लेकिन ट्रम्प के मामले में ऐसा नहीं हुआ। उल्टा, चुनाव के बाद चंदा जुटाने की रफ्तार और तेज हो गई। सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई दानदाताओं से बातचीत के आधार पर न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि कम से कम 346 ऐसे बड़े दानदाता हैं, जिन्होंने हर एक ने ढाई लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया।इन चुनिंदा दानदाताओं से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। खास बात यह है कि इनमें से करीब 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से सीधा या परोक्ष फायदा मिला।

भारतवंशी कारोबारी भी सूची में

इस सूची में टेक इंडस्ट्री के बड़े नाम भी हैं। सुंदर पिचाई, सत्या नडेला समेत छह भारतवंशी बिजनेसमैन का नाम सामने आया है। ये वे लोग हैं, जिनकी कंपनियों पर सरकारी नीतियों का सीधा असर पड़ता है। हालांकि रिपोर्ट यह भी साफ कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया और बदले में सीधा फायदा मिला, लेकिन इतना जरूर है कि पैसा और फैसलों का यह रिश्ता कई सवाल खड़े करता है।

फंड जुटाने का पूरा नेटवर्क

इन फायदों की तस्वीर काफी व्यापक है। किसी को राष्ट्रपति की तरफ से माफी मिली, किसी के खिलाफ चल रहे केस बंद हो गए, किसी कंपनी को अरबों डॉलर के सरकारी ठेके मिले, तो किसी को व्हाइट हाउस तक सीधी पहुंच मिल गई। कुछ दानदाताओं को सरकार में अहम पद भी दिए गए।यानी यह सिर्फ चुनावी चंदा नहीं था, यह सत्ता के करीब पहुंचने का रास्ता भी बनता दिखा।ट्रम्प की टीम ने फंड जुटाने के लिए कई रास्ते बनाए। सबसे बड़ा नाम है MAGA Inc., जो एक सुपर PAC है। अमेरिका में PAC ऐसे संगठन होते हैं, जो राजनीति के लिए पैसा इकट्ठा करते हैं और उम्मीदवार या पार्टी के समर्थन में खर्च करते हैं। नवंबर 2024 से जून 2025 के बीच MAGA Inc. ने करीब 200 मिलियन डॉलर जुटाए। इसके अलावा ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बनी कमेटी ने करीब 240 मिलियन डॉलर इकट्ठा किए, जो अमेरिकी इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

व्हाइट हाउस का बॉलरूम और करोड़ों का चंदा

इतना ही नहीं, व्हाइट हाउस में एक भव्य बॉलरूम बनाने के लिए भी दान लिया गया। ट्रम्प का दावा है कि इसके लिए करीब 350 मिलियन डॉलर जुट चुके हैं, हालांकि न्यूयॉर्क टाइम्स ने करीब 100 मिलियन डॉलर के दानदाताओं की पुष्टि की है। यह पैसा 'ट्रस्ट फॉर द नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया जा रहा है।इसके अलावा अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए बने संगठन 'अमेरिका250', व्हाइट हाउस हिस्टोरिकल एसोसिएशन और एक राजनीतिक समूह 'सिक्योरिंग अमेरिकन ग्रेटनेस' के लिए भी बड़े पैमाने पर फंड इकट्ठा किया गया।

दानदाताओं के नाम क्यों छिपे रहते हैं

इनमें से कई संगठनों में दान देने वालों के नाम सार्वजनिक करना जरूरी नहीं है। यही वजह है कि पूरा सिस्टम काफी हद तक गोपनीय बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प खुद इस बात पर नजर रखते हैं कि कौन कितना पैसा दे रहा है। उनकी फंडरेजिंग प्रमुख मेरिडिथ ओ'रूर्क उन्हें नियमित रूप से जानकारी देती हैं। कई लॉबिस्ट अपने क्लाइंट्स को सलाह देते हैं कि अगर ट्रम्प का ध्यान और व्हाइट हाउस तक पहुंच चाहिए, तो इन संगठनों को दान देना फायदेमंद हो सकता है।

दान और फैसलों का रिश्ता

रिपोर्ट में कई उदाहरण दिए गए हैं। एक महिला ने MAGA Inc. को 25 लाख डॉलर दिए। कुछ ही महीनों बाद उसके पिता को जस्टिस डिपार्टमेंट से रिश्वत मामले में बेहद कम सजा मिली।इसी तरह एक बड़ी इंजीनियरिंग कंपनी पार्सन्स ने बॉलरूम प्रोजेक्ट के लिए 25 लाख डॉलर दिए और बाद में वह ट्रम्प के 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम जैसे अरबों डॉलर के सरकारी ठेकों की दौड़ में शामिल हो गई।वीडियो गेम कंपनी रोब्लॉक्स के सीईओ ने भी बड़ा दान दिया और ट्रम्प की एआई नीतियों की खुलकर तारीफ की। एक दंपती ने शपथ समारोह और MAGA Inc. को मिलाकर करीब 15 लाख डॉलर से ज्यादा दिए। कुछ समय बाद उनके बेटे को फिनलैंड में अमेरिकी राजदूत बना दिया गया।

टेक और डिफेंस कंपनियों की भूमिका

टेक कंपनी पैलेंटिर ने बॉलरूम के लिए 1 करोड़ डॉलर और 'अमेरिका250' को 50 लाख डॉलर दिए। इसके बाद कंपनी को ट्रम्प सरकार से सैकड़ों मिलियन डॉलर के सरकारी ठेके मिले। इनमें इमिग्रेशन विभाग के लिए सॉफ्टवेयर बनाना भी शामिल है। कंपनी का कहना है कि इन ठेकों का दान से कोई लेना-देना नहीं है।डिफेंस कंपनियों लॉकहीड मार्टीन और बोइंग ने भी शपथ समारोह और अन्य प्रोजेक्ट्स के लिए लाखों डॉलर दिए। इसके बाद इन्हें फाइटर जेट और डिफेंस से जुड़े बड़े सरकारी फैसलों से फायदा मिला।कुछ मामलों में ट्रम्प ने दानदाताओं या उनसे जुड़े लोगों को राष्ट्रपति की माफी भी दी। एक इवेंट कंपनी के मालिक को, जिसकी कंपनी ने दान दिया था, बाद में ट्रम्प ने माफ कर दिया। इसी तरह MAGA Inc. को 10 लाख डॉलर देने वाली महिला के बेटे को टैक्स अपराध के मामले में माफी मिली।

